भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **548**
गुरुवार, 28 नवंबर, 2024/7 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

डिजी यात्रा का उपयोग

548. श्री सुदामा प्रसादः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि कई एयरलाइन्स और हवाई अड्डे डिजी यात्रा को अनिवार्य बना रहे हैं जबकि यह स्वैच्छिक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उन सभी एयरलाइन्स और हवाई अड्डों की सूची क्या है जिनके विरुद्ध ऐसी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई की रिपोर्ट की स्थिति क्या है;

(ग) डिजी यात्रा स्वैच्छिक है इसका प्रचार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं और इस पर कितना व्यय हुआ है; और

(घ) सरकार किस प्रकार उन यात्रियों के लिए गोपनीयता और सुगम बोर्डिंग, हवाई अड्डे और सुरक्षा जांच सुनिश्चित करती है जो डिजी यात्रा का उपयोग करने के इच्छुक नहीं हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ)**:** डिजी यात्रा का उपयोग पूरी तरह से स्वैच्छिक है। विभिन्न मीडिया माध्यमों और हवाईअड्डों पर स्टैंडी के माध्यम से व्यापक प्रचार किया गया है कि डिजी यात्रा स्वैच्छिक है और इसका लाभ कोई व्यक्ति अपनी इच्छा से लेना चाहे तो ले सकता है। यात्रियों की स्पष्ट सहमति के बिना हवाईअड्डों पर डिजी यात्रा के उपयोग पर कुछ मीडिया रिपोर्टें आई हैं। हालाँकि, हवाईअड्डों को इस संबंध में जागरूक किया गया है। हवाईअड्डे के प्रचालक उक्त प्रचार पर होने वाले व्यय को वहन करते हैं।

जो यात्री डिजी यात्रा सेवाओं का लाभ नहीं उठाना चाहते हैं, वे हवाईअड्डों पर मौजूदा मैनुअल प्रक्रिया का उपयोग कर सकते हैं।

******